जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा-2/गोप./2020/252 **दिनांक : 02.03.2020**

// अत्यावश्यक //

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
शासकीय अग्रणी महाविद्यालय,
जिला - ग्वालियर, मुरैना, भिण्ड, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, श्योपुर एवं दतिया
जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, ग्वालियर

विषय :- स्नातक - वार्षिक मुख्य परीक्षा प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष मार्च-अप्रैल, 2020 के सफल संचालन एवं नकल की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने हेतु अधीनस्थ जिले के परीक्षा केन्द्रों के सतत् निरीक्षण हेतु एक उड़नदस्ता दल के गठन किए जाने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि स्नातक - वार्षिक मुख्य परीक्षा प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष मार्च-अप्रैल, 2020 दिनांक 03 मार्च, 2020 से प्रारम्भ होने जा रही हैं। उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले के अधीनस्थ महाविद्यालयों की परीक्षाओं में नकल की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने एवं परीक्षाओं को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु परीक्षा केन्द्रों का सतत् निरीक्षण किया जाना है।

अतः आपको यह निर्देशित किया जाता है कि आप अपने महाविद्यालय के स्टाफ में से एक तीन सदस्यीय उड़नदस्ता दल का गठन कर विश्वविद्यालय को तत्काल सूचित करें। साथ ही उड़नदस्ता दल के द्वारा आपके जिले के परीक्षा केन्द्रों पर प्रतिदिन किए गए निरीक्षणों का विस्तृत प्रतिवेदन विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग की ई-मेल आई.डी. gwaliorjiwaji@gmail.com पर अनिवार्य रूप से प्रेषित कराना सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय द्वारा उड़नदस्ता दल एवं प्रयुक्त किए गए उड़नदस्ता दल के वाहन का व्यय एवं मानदेय का नियमानुसार भुगतान किया जावेगा।

परीक्षा अत्यावश्यक अधिनियम एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप पालनार्थ एवं सहयोग की अपेक्षा के साथ।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश।
2. अतिरिक्त संचालक, (उच्च शिक्षा), मोती महल, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
4. कुलसचिव महोदय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।

उप- कुलसचिव (परीक्षा/गोप0)

विभिन्न पत्र